MPHIN/2009/34626




# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक173 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 21 मार्च 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## सिवनी जिले से भाजपा को बड़ी जीत दिलाना हमारा लक्ष्य - आलोक

सिवनी यशोः- बालाघाट - सिवनी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी को सिवनी जिले की सिवनी एवं बरघाट विधानसभा से भारी मतों से विजयी बनाने के हम अपने रिकार्ड को कायम ही नहीं रखेंगे बल्कि इस रिकार्ड को और अधिक ऊपर ले जायेंगे यह बात आज भाजपा जिला कार्यालय में सिवनी एवं बरघाट विधानसभा के कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने भाजपा कार्यालय उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कही । इस अवसर पर बालाघाट लोकसभा से प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी ने कहा कि सिवनी जिले की दोनों विधानसभाएँ भाजपा को बड़ी जीत दिलाती आ रही है मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा के कार्यकर्ता इस जीत को और अधिक बढ़ाकर मुझे अपना आर्शीवाद प्रदान करेंगे । कार्यक्रम में बालाघाट लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र फौजदार उपस्थित रहे । कार्यक्रम में उपस्थित बालाघाट लोकसभा क्षेत्र की संयोजिका श्रीमती लता एलकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार बालाघाट संसदीय क्षेत्र से महिला को प्रत्याशी बनाकर मातृशक्ति का स मान किया है, भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्त्ता पार्टी नेतृत्व का स मान करते हुये मातृशक्ति को बड़ी जीत दिलाने में पूरी ताकत लगा देंगे और सिवनी जिले की दोनों विधानसभाएँ भाजपा प्रत्याशी को बडी ताकत प्रदान करती है । श्रीमती ऐलकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जहाँ मातृशक्ति का स मान बढाने का कार्य होता है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और प्रदेश सरकार ने मातृशक्ति के स मान को बढाने का जो कार्य किया है उसकी कल्पना अन्य किसी राजनैतिक दल से करना संभव नहीं है और भाजपा के कार्यकर्त्ता भी मातृशक्ति के प्रति



### सिवनी एवं बरघाट से मुझे बड़ा आर्शीवाद प्रदान करें - श्रीमती पारधी



आदार और स मान का भाव रखते हुये कार्य करने वाले कार्यकर्त्ता है । श्रीमती लता ऐलकर ने विश्वास जाता कि हमारी प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी पूरे लोकसभा क्षेत्र से एक ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगी ।

**भाजपा के कार्यो की गूंज पूरी दुनिया में**

कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को भाजपा जिला अध्यक्ष संबोधित करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने सत्ता के माध्यम से जो ऐतिहासिक कार्य किये है उसकी गूंज पूरी दुनिया में है और विश्व में भारत का ऐतिहासिक गौरव बढ़ा है । हमारी मोदी सरकार ने देश में जनकल्याण और विकास की गतिविधियों को तेजी से गति प्रदान की है, देश में बड़ा बदलाव लाने का काम किया है । विकास और हर व्यक्ति को उद्यमशील बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है,छोटे छोटे गांवों में स्वासहायता समूहों के माध्यम से उत्पाद तैयार होने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है, किसानों को आर्थिक रूप से समृद्धिशाली बनाने के प्रयास तेज हुये है, युवा को उनके कौशल के आधार पर उद्योग प्रारंभ करने में सरकार मदद कर रही है ।

देश की मातृशक्ति आर्थिक गतिविधियों समृद्ध बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वाह कर रही है । मोदी सरकार का लोकल फार वोकल का मंत्र स्वादेशी के प्रति आकर्षण को बढ़ा ही नहीं रहा बड़ी आर्थिक सक्षमता प्रदान कर रहा है । आज भारत की अर्थ व्यवस्था विश्व की सबसे बड़ी पाँचवी आर्थिक शक्ति के रूप में स मान पा रही है ।

**भव्य राममंदिर से हम गौरांवित है**

श्री दुबे ने कहा कि भाजपा की सरकार ने आर्थिक स पन्नता के लिये व्यापक प्रयासों के साथ हमारी संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं को स मान देते हुये विश्व में स्थापित करने का काम किया है देश में कंलक के रूप में देखी जानी वाली ज मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का काम किया तो इसके साथ ही भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण कर पाँच सौ साल पहले खोये स्वाभिमान को पुनः स्थापित किया है । पूरा देश मोदी सरकार के कार्यकाल मे हुये कार्यो से गौरांवित है । श्री दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नीतियों और सिद्धांत के साथ समझौता नहीं किया और इसी कारण बेहतर कार्य हो पाये । आज पूरी दुनिया हमारे नेतृत्व का स मान कर रही है और देश में बहुत शानदार माहौल है हर ओर से एक ही बात सुनायी दे रही है कि अबकी बार चार सौ पार और हम अपनी लोकसभा क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज कराने के लिये पहचाने जाते है, इस बार प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी हमारे बीच है मातृशक्ति के रूप में पहली बार उन्हें लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनने का अवसर प्राप्त हुआ है हम उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाकर दिल्ली भेजेंगे ।

**पार्टी के अनेक नेता रहे उपस्थित**

भाजपा कार्यालय में सिवनी एवं बरघाट विधानसभा के कार्यकर्त्ताओ से सौजन्य भेंट के इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन बाझल, सुजीत जैन,प्रेम तिवारी, कीरत सिंह बघेल,जिला सहकारी बैंक के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक तेकाम, भाजपा जिला महामंत्री अजय डागोरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, धीरसिंह भलावी, उपस्थित रहें । कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष आशीष माना ठाकुर ने किया ।

## नगर में अनेक सामाजिक संगठनों से की भेंट

भाजपा से प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी ने बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से सिवनी नगर में अपना जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया था उन्होंने प्रातः 10 :30 बजे भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री शिवसनोडिया के निवास पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों से भेंट की, इसके पश्चात दुर्गा प्रसाद अग्रवाल जी के निवास पर व्यापारी एवं राईस मिलर्स ऐसोसिएशन के प्रतिनिधियो से चर्चा की । इसके पश्चात श्रीमती पारधी ने भैरोगंज में करतार सिंह बघेल के निवास पर बघेल समाज के प्रतिनिधियों से भेंट की । इसके पश्चात ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों से परशुराम भवन डूंडासिंवनी में चर्चा की। श्रीमती पारधी ने महावीर वार्ड में सामाजिक संगठनों की महिला प्रतिनिधियो से शीतल सोनी के निवास पर भेंट । श्रीमती पारधी ने शाम के समय अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं अनेक सामाजिक संगठनों तथा कश्यप समाज के प्रतिनिधियों से भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के निवास पर चर्चा की । इसके साथ ही श्रीमती भारती पारधी ने सिवनी नगर में निवासरत वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों के निवास पर पहुँचकर चर्चा की । श्रीमती पारधी ने अपने प्रवास कार्यक्रम के दौरान सिवनी नगर के प्रसिद्ध मंदिरों में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उन्होंने इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी के कार्यालय में कार्यकर्त्ताअें से भेंट की तथा अनूप मिश्रा एवं संतोष नगपुरे जी के निवास पर पहुँच कर चर्चा की ।

सिवनी नगर के व्यस्ततम कार्यक्रमों के पश्चात श्रीमती पारधी शाम को गोपालगंज, सारसडोल, चक्कीखमरिया, ग्वारी बादलपार ग्रामों जनसंपर्क के लिये रवाना हुई और वहाँ उन्होंने कार्यकर्त्ताओं एवं वरिष्ठजनों से भेंट की ।

## अवैध शराब विक्रय में लिप्त आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

सिवनी यशोः- कलेटर सिवनी क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर अवैध शराब की रोकथाम की दिशा में लगातार कार्यवाही जारी है । इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा 19 मार्च की रात्रि को गश्त आरोपी नरेश सूर्यवंशी आत्मज बंशीलाल सूर्यवंशी ग्राम मोहगांव थाना कुरई से प्राप्त 250 पाव देशी प्लेन मदिरा एवं 84 पाव भारत निर्मित विदेशी मदिरा कुल मात्र 60.10 लीटर जप्त कर आबकारी अधिनियम अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। जप्त की मदिरा की अनुमानित कीमत लगभग 25,000 रूपये है।

## तीन दिन से बिजली के खभे, तार सड़क पर

सिवनी यशोः- विकासखंड केवलारी अंतर्गत केवलारी से पिंडरई रायखेड़ा और छिन्दा के बीच तेज हवाओं के चलने से सड़क किनारे लगा बिजली का ख बा व बिजली के तार काफी नीचे झुक गए है। अभी तक बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने यहां बिजली के खंभे वा तरी को व्यवस्थित करने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की है जिसके चलते यहां से गुजरने वाले राहगीर, वाहन चालकों को करंट लगने है भय सता रहा है।

राहगीरों व ग्रामवासियों ने विद्युत वितरण केंद्र केवलारी के अधिकारी कर्मचारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया इनकी उदासीनता, लापरवाही, अनदेखी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

रायखेडा और छिन्दा के बीच दिनाक 18 मार्च को आधी तूफान, ओला वृष्टि के चलते बिजली के कई पोल गिर गए। कई में बल्ली लगा कर बिजली के ख बे को सहारा देकर गिरने से रोक रखा है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि तीन दिन व्यतीत हो गए हैं इसके बाद भी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा घट जाए इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

## स्मैक बेचने की फिराक में थे तस्कर, पुलिस के हत्थे चढ़े

**कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही**

सिवनी यशोः- गत 19 मार्च के शाम करीब 07 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डालडा फैट्री के सामने बारापत्थर क्षेत्र सिवनी में खुले मैदान में एक सफेद रंग की हुन्डई इओन कार खडी है जिसमें दो व्यक्ति बैठे है जो अवैध मादक पदार्थ स्मैक एक प्लास्टिक की डिब्बी में छोटी पन्नी पैकेट में बेचने की फिराक में रखे है। तब कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार को घेराबंदी कर पकडा जिसमें दो व्यक्ति सामने की सीट पर बैठे पाये गये। इनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम राहुल बघेल पिता कन्हैयालाल बघेल निवासी बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, मरहाई मातामंदिर के पास सिवनी एवं दीपक बघेल पिता कृष्णकुमार बघेल निवासी भैरोगंज परतापुर रोड निशा, किराना दुकान के पास सिवनी बताया।


कोतवाली पुलिस ने दोनो युवको के पास से 06 ग्राम स्मैक पाउडर जिसकी कीमत 18 हजार रू. बताई जा रही है, जप्त किया। आरोपी राहुल बघेल एवं दीपक बघेल से अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखने एवं बेचने के संबन्ध में पूछने पर दोनो के द्वारा नागपुर बर्डी बाजार से किसी अज्ञात व्यक्ति से अवैध धन अर्जित करने स्मैक बैचने के लिए खरीदना बताया गया। उक्त दोनो आरोपियो का कृत्य धारा-8/22 एन.डी.पी.एस. ऐ ट का होने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



स्मैक बेचने का काम करते पकड़ाये दोनों युवको से पुलिस पूछताछ कर रही है । अनुमान लगाया जा रहा है कि इस नशे की गिर त में आये अन्य युवको की जानकारी एवं बेचने का काम करने वाले अन्य व्यक्तियों के संबंध में इनके माध्यम से बड़ा खुलासा हो सकता है ।

## वीरांगन रानी अवंती बाई की पुण्यतिथि मनाई गई

केवलारी यशोः- 20 मार्च को नगर के चांदनी चौक में स्थापित अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई की मूर्ति की पूजा मल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई गई। लोधी वंश की महारानी रानी अवंती बाई की प्रतिमा का वर्ष 2023 में चांदनी चौक में स्थापित कर अवंती बाई चौक नामकरण किया गया था। रानी की मुर्ति पर देवी सिंह बघेल बीजेपी नेता, रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडेय नस्सू खान मध्यप्रदेश बैनगंगा प्रेस संगठन ,दारा सिंह जंघेला, मुरली जंघेला ,गोलू जंघेला,



अज्जू जंघेला, संदीप जंघेला, आकाश जंघेला, दीपक जंघेला, देवानंद जंघेला ,पंकज जंघेला, कमल सिंह ठाकुर, दीपक अग्रवाल ने माला अर्पण का श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं लोधी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र सिंह कटारिया के नैतृत्व मे भीम जंघेला पूर्व जनपद सदस्य, लाल सिंह जंघेला, सुरेंद्र जंघेला, संत कुमार गोमास्टा, रामशरण प्यासी महाराज, जयदीप दुबे सहित सेकडो सजातीय लोधी बंशज ने रानी के बलिदान गाथा पर प्रकाश डाला ओर बिशाल भंडारा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये । के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया।

## फूलों की होली कर नगर में निकाली गई शिव पार्वती की पालकी यात्रा

### फाल्गुन एकादशी पर महाआरती की गई बैंनगंगा नदी घाट पर महाआरती



छपारा यशोः- 20 मार्च को फाल्गुन एकादशी पर नगर के बैंनगंगा नदी के पुल घाट पर सातवीं महाआरती विधि-विधान से नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों के बड़ी सं या में पहुंचे श्रद्धालुओं की उपस्थिति में की गई जिसके पूर्व समिति के सदस्यों ने नगर वासियों के साथ पालकी में भगवान शिव और पार्वती की मुर्ति के पूजन अर्चन कर भव्य शोभायात्रा निकाली जो नगर के चमारी तिराहे के पास तकिया वार्ड के सुभाष ग्राउंड से शुरू हो नगर के जैन वार्ड,राम मंदिर, लोधी वार्ड, शंकर मढिया होते हुए बस स्टैंड से बैंनगंगा नदी के पुल घाट पर पहुंचकर समाप्त हुई नगर के लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग पर पालकी में शिव-पार्वती की सवार मुर्ति पर फूलों की वर्षा कर होली खेली गई शाम 6 बजे से नदी घाट पर महाआरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों की ओर से बताया गया की सनातन संस्कृति के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिव पार्वती के विवाह के बाद शिव पार्वती जी का गौना फाल्गुन एकादशी को होता है और महाआरती के बाद दोनों कैलाश पर्वत की ओर प्रस्थान करते हैं ।

### जबरन नॉलेज




## नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया शुरू

मंडला यशोः- लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 20 मार्च 2024 से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए कार्यालय कलेटर परिसर स्थित न्यायालय कलेटर मंडला के कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। नामांकन कक्ष में अ यर्थी सहित कुल 5 लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2024 है। 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 19 अप्रैल 2024 को मतदान तथा 4 जून 2024 को मतगणना होगी।

## ओला प्रभावित क्षेत्रों का केवलारी विधायक ने किया दौरा



सिवनी यशोः- बुधवार 20 मार्च को केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ओला प्रभावित ग्रामो का दौरा किया।

दौरा कार्यक्रम के दौरान छपारा ब्लॉक एवं कान्हीवाड़ा ब्लॉक के विभिन्न ग्राम खुर्शीपार, देवरी, सरंडिया, कड़वी, गोरखपुर, अंजनिया, चंडी,बिहिरिया ,प्रतापगढ़, सिमरिया, बंजर,जूनापानी, कान्हीवाड़ा, मलाजपुर, छतरपुर, जोरावारी, पिंडरई, कटिया, रमपुरी, कामता, उमारिया, चुटका, सेलुआ, अलीनगर ,जावना का दौरा किया। व दौरा कार्यक्रम में किसानों के साथ साथ खेत पहुंचकर बारिश और बर्फबारी से किसानों की क्षति ग्रस्त फसलों का जायजा लिया व पीड़ित किसानों को ढांढस बंधाया। व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी द्वारा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर किसानों की फसल की क्षतिपूर्ति हेतु सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया व संबंधितो को आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपील की।

दौरा कार्यक्रम में साथ ही जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण,ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी गण, वरिष्ठ कांग्रेस जन,युथ कांग्रेस, एन;एस;यू;आई आई,टी,सेल, युवा बिग्रेड मंडलम,से ?टर,बूथ कांग्रेस पदाधिकारी गण, समेत समस्त जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी मौके पर मौजूद रहे।

# अखंड भारत- जो सपना जिन्दा रहता है वही पूरा होता है

**डॉ. पवन सिंह-**

अखंड भारत हमारे लिए केवल शब्द नहीं है। यह हमारी श्रद्धा, भाव, देशभक्ति व संकल्पों का अनवरत प्रयास है जिसे प्रत्येक देशभक्त जीवंत महसूस करता है। हम इस भूमि को माँ मानते है और पुत्रवत इस भूमि की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते है। हम कहते भी है माताभूमि÷ पुत्रोहंपृथिव्या÷। इसलिए माँ का प्रत्येक कष्ट हमारा अपना कष्ट है और एक माँ खंडित रहे कष्ट में रहे, यह उसके पुत्र कैसे स्वीकार कर सकते है।

समय-समय पर भारत खंडित कैसे हुआ, कौन सी गलतियां हम से हुई। वो कौन से कारण रहे जिन्होंने इसकी पृष्ठभूमि लिखी इन सबका चिंतन, विभाजन की पीड़ा व पुनः अखंड होने का विश्वास व संकल्प ही इसका एक मात्र हल है। जब भारत की लाखों आँखों में पलने वाला यह अखंड भारत का सपना करोड़ों- करोड़ों हृदयों की धड़कन बन कर धड़कने लगेगा, तभी यह संभव होगा।

अखंड भारत का स्वप्न कुछ लोगों को असंभव लगता हो। लेकिन यदि हम इतिहास का अवलोकन करेंगे, तो ध्यान आएगा कभी जो बातें असंभव लगा करती थी, कुछ समय के पश्चात वो संभव भी हुआ है। मनुष्य की उम्र कुछ वर्ष हुआ करती है पर देशों की उम्र हजारों-हजारों वर्ष होती है। विश्व के ऐतिहासिक अनुभव हैं कि किसी भी देश का विभाजन स्थाई अथवा अटल नहीं होता।

1905 का बंग भंग, पुनः 1911 में एक हो गया। 2000 वर्ष पूर्व नष्ट इजराइल,मई 1948 में फिर से स्वतंत्र राष्ट्र बना। 'होली रोमन ए पायर' शीघ्र नष्ट हो गया। न पवित्र रहा, न रोमन और न ए पायर। विशाल ब्रिटिश साम्राज्य भी स्थाई न रहा। जर्मनी का विभाजन 1945 में, परन्तु 1989 में पूर्वी जर्मनी व पश्चिम जर्मनी को विभाजित करने वाली बर्लिन की दीवार गिरा दी गई, जर्मनी पुनः एक हो गया। दोनों वियतनाम एक हो गये। सोवियत संघ से 15 मध्य एशियाई देश अलग होकर पुनः स्वतंत्र राष्ट्र बन गये।

1947 में ही भारत का पहला व आखिरी विभाजन नहीं हुआ।

वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र स्वरुप ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भारत की सीमाओं का संकुचन 1947 से काफी पहले शुरू हो चुका था। सातवीं से नवीं शताब्दी तक लगभग ढाई सौ साल तक अकेले संघर्ष करके हिन्दू अफगानिस्तान इस्लाम के पेट में समा गया।

हिमालय की गोद में बसे नेपाल, भूटान आदि जनपद अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण मुस्लिम विजय से बच गए। अपनी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए उन्होंने राजनीतिक स्वतंत्रता का मार्ग अपनाया पर अब वह



राजनीतिक स्वतंत्रता संस्कृति पर हावी हो गयी है। श्रीलंका पर पहले पुर्तगाल, फिर हालैंड और अन्त में अंग्रेजों ने राज्य किया और उसे भारत से पूरी तरह अलग कर दिया। यद्यपि श्रीलंका की पूरी संस्कृति भारत से गए सिंहली और तमिल समाजों पर आधारित है।

दक्षिण पूर्वी एशिया के हिन्दू राज्य क्रमश÷इस्लाम की गोद में चले गए किन्तु यह आश्चर्य ही है कि भारत से कोई सहारा न मिलने पर भी उन्होंने इस्लामी संस्कृति के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। इस्लामी उपासना पद्धति को अपनाने के बाद भी उन्होंने अपनी संस्कृति को जीवित रखा है और पूरे विश्व के सामने इस्लाम के साथ सह अस्तित्व का एक नमूना पेश किया। किन्तु मु य प्रश्न तो भारत के सामने है।

तेरह सौ वर्ष से भारत की धरती पर जो वैचारिक संघर्ष चल रहा था उसी की परिणति 1947 के विभाजन में हुई। पाकिस्तानी टेलीविजन पर किसी ने ठीक ही कहा था कि जिस दिन आठवीं शताब्दी में पहले हिन्दू ने इस्लाम को कबूल किया उसी दिन भारत विभाजन के बीज पड़ गए थे। इसे तो स्वीकार करना ही होगा कि भारत का विभाजन हिन्दू-मुस्लिम आधार पर हुआ। पाकिस्तान ने अपने को इस्लामी देश घोषित किया। वहां से सभी हिन्दू-सिखों को बाहर खदेड़ दिया। अब वहां हिन्दू-सिख जनसं या लगभग शून्य है।

विभाजन के कारणों की समीक्षा करने पर ध्यान आता है कि तात्कालिक नेतृत्व के मनों में भारत बोध का अभाव व राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के बारे में भ्रामक धारणा थी। अंग्रेज अपनी चाल में सफल हुए और उनके द्वारा स्थापित बात की भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा और न है बल्कि यह तो अनेक राज्यों का मिश्रण है। उस समय देश के अधिकतर नेता भी इन्हीं बातों में आकर उन्हीं की भाषा बोलने लगे।

श्री सुरेंद्र नाथ बनर्जी द्वारा लिखी पुस्तक 'A Nation in Making' का शीर्षक भी इसी बात की और इशारा करता है। अग्रेजों ने उस समय एक और नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया और उसमें भी उन्हें सफ़लता मिली की जैसे मुसलमान व वे बाहर से आये हैं वैसे ही आर्य भी बाहर से आये हैं और वही अब हिंदू के नाम से जाने जाते है।

समय -समय पर देश हित को पीछे छोड़ मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति ने भी विभाजन की बात को ओर हवा देने का काम किया। तुष्टीकरण के नाम पर भारत के मान बिंदुओं से समझौता किया गया। फिर चाहे वो करोड़ों देशवासियों में देशभक्ति के भाव को बढ़ाने वाला गीत 'वंदे मातरम' के विरोध की बात हो, राष्ट्रीय ध्वज के रुप में भगवा रंग व चरखे को न मानने की बात हो, राष्ट्रीय जनस पर्क की भाषा के रुप में हिंदी को न स्वीकार करने की बात हो, गोहत्या बंदी की मांग का विरोध हो या फिर अनेक महापुरुषों का महत्व कम किये जाने की बात हो। इन मानबिन्दुओं पर होते आघात के कारण हिन्दुओं की आस्था के केंद्र बिंदु कम होते चले गए व मुस्लिम समाज में भी अलगाव बढ़ता गया।

विदेशी आक्रांताओं ने समयङ्कसमय पर भारत पर हमले कर हमें पराधीन करने का प्रयास किया। हम पराधीन भी हुए, लेकिन कभी भी हमने पराधीनता स्वीकार नहीं की। हम उसके खिलाफ़ संघर्ष करते रहे। परंतु 1947 में हमारे अपने ही राजनैतिक नेतृत्व ने विभाजन को स्वीकार कर लिया। यह देशवासियों के लिए सबसे दुखद था। अंग्रेज जो स्वतंत्रता हमें जून 1948 तक देने वाले थे। वह 15 अगस्त 1947 को दी जाएगी, ऐसी घोषणा उनके द्वारा 3 जून 1947 को ही कर दी गयी। ताकि कांग्रेस व मुस्लिम लीग को पुन÷सोचने का मौका न मिल सके और देश में इसके प्रतिरोध में भी वातावरण न बन सके।

आज हम सबके सामने प्रश्न यह है कि हम केवल पुरानी बातों का रोना न रोते हुए, आज हम अखंड भारत के लिए` या कर सकते है यह सोचना होगा। यह हमारा व आने वाली पीढ़ियों का दायित्व है कि हम इस अखंड भारत के स्वप्न को पूरा करेंगे। यही दृढ संकल्प हमारे आगे के रास्ते को प्रशस्त करेगा। यह कार्य हम ही प्रारंभ करेंगे ऐसा नहीं है, हमारे पूर्वजों ने भी इस कार्य को जारी रखा। इसी कारण आज हम इस अखंड भारत के विषय में अपनी भूमिका के बारे में सोच पा आ रहे है।

प्रसिद्ध विद्वानों के निष्कर्षों तथा कथनों से भी ध्यान में आता है कि भारत का विभाजन स्थायी नहीं है। जनरल करिअप्पा ने कहा है कि भारत फिर से संगठित (एक) होगा। महर्षि अरविन्द के शब्दों में हम स्थाई विभाजन के निर्णय को स्वीकार नहीं करते। महात्मा गाँधी के अनुसार दोनों की सांस्कृतिक एकता तथा दोनों में लचीलापन ही दोनों को एक बनाने का प्रयत्न करेगा। प्रसिद्ध लेखक-वान वाल्बोनवर्ग ने भी कहा था कि भौगोलिक दृष्टि से भारत और पाकिस्तान का विभाजन इतना तर्कहीन है कि आश्चर्य होता है कि यह कितने समय तक चल सकेगा ? भारत की अखंडता का आधार भूगोल से ज्यादा सांस्कृतिक है। अखंड भारत कब होगा यह कहना कठिन है। लेकिन भारत फिर से अखंड होगा ही यह तय है,` योंकि यही भारत की नियति भी है। और हम सब तो सौभाग्यशाली हैं योंकि हमने अपनी आँखों से पिछले कुछ समय में बहुत सी असंभव लगने वाली बातों को संभव होते हुए देखा है। फिर चाहे वो श्रीराम मंदिर निर्माण का विषय हो, धारा 370 की समाप्ति या फिर तीन तलाक का मामला। हम 'याचि देही, याचि डोला' (यानि इन्हीं आँखों से व इसी शरीर से) को मानने वाले लोग है।

अखंड भारत की आकांक्षा के साथ-साथ हमें अपने लिए कुछ करने वाली बातें भी तय करनी होगी। हमें समाज की कमियों को पहचान कर उसको दूर करने के लिए तत्पर रहना, अपने आप को संगठित रखना, अपने सिद्वांतों को व्यवहार में उतारना व जीवन में उसका प्रकटीकरण दिखना, देशहित के बारे में सोचने वाले बंधुओं को व समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर चलना।

इन सब बातों का ध्यान रखते हुए नित्यप्रति अखंड भारत का स्वप्न अपनी आँखों में रखना। देश कीआज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सभी भारतीय पूरे उत्साह व उमंग के साथ आज़ादी अमृत महोत्सव मना रहे हैं। तो आईये, इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर हम सब संकल्प लें, कि मैं अपने इसी जीवन में अखंड भारत को साकार होते हुए देखूंगा, यही प्रबल इच्छाशक्ति हमारे आगे के मार्ग को भी तय करेगी और हम अखंड भारत को साकार होते हुए देखेंगे

# कोटा में नीट की तैयारी कर रही स्कूल संचालक की बेटी का अपहरण, फिरौती मांगी

भोपाल। कोचिंग सिटी कोटा में लगातार हो रही आत्महत्याओं और गुमशुदगी के बाद अब एक छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। कुछ बदमाशों ने कोचिंग सेंटर से कुछ दूरी पर छात्रा का अपहरण कर लिया और उसके साथ मारपीट कर उसे बंधक बना लिया। इस मामले में जानकारी कोटा पुलिस को लगते ही पुलिस हरकत में आ गई और टीमों का गठन किया गया और छात्रा के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। मामले में पुलिस के हाथ कई अहम जानकारियां लगी है। इस पूरे मामले में पुलिस आज खुलासा कर सकती है।

छात्र के पिता रघुवीर धाकड़ ने बताया कि छात्रा काव्या धाकड़ (20) कोटा में नीट की तैयारी के लिए आई थी। वह कोटा में सितंबर 2023 से रह रही थी। सोमवार दोपहर 3 बजे छात्र के पिता रघुवीर



के मोबाइल पर एक नंबर से मैसेज आया। व्हाट्सएप पर आए मैसेज में छात्र के हाथ पैर और मुंह बंधे हुए फोटो थे। इनमें कुछ फोटो में छात्रा के चेहरे पर खून भी नजर आ रहा है। फोटो भेजने वाले ने मैसेज में लिखा कि रघुवीर की बेटी को किडनैप कर लिया गया है। उसे जिंदा छोड़ने की एवज में 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई।

मैसेज भेजने वाले ने बैंक खाते की डिटेल भी भेजी और सोमवार शाम तक रुपए जमा करने को कहा। पिता ने इतने रुपए नहीं होने और बंदोबस्त करने का समय देने की बात कही तो मैसेज भेजने वाले युवक ने छात्रा को मारने की धमकी दी। पिता ने रूपयों का बंदोबस्त करने की बात कही। इसके बाद उन्होंने कोटा पुलिस को मामले की जानकारी दी।

**छात्रा को किया जाता था परेशान**

छात्रा के पिता रघुवीर धाकड़ ने बताया बेटी के अपरहण का मैसेज आया है। बेटी को छोड़ने के लिए 30 लाख रूपये की फिरौती मांगी गई है। वह अभी कोटा में ही है। पुलिस ने रात तीन बजे मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बेटी की तलाश में जुटी हुई है। रघुवीर धाकड़ ने बताया दो साल पहले बेटी को इंदौर में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। जहां पोहरी अनुविभाग क्षेत्र के जरियाखेड़ा गांव के रहने वाले रिंकू धाकड़ द्वारा बेटी को परेशान किया गया था। इसकी शिकायत इंदौर पुलिस में दर्ज कराई गई थी।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम भजनलाल से बात की**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजस्थान मु यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात की। साथ ही बोले, पुलिस जल्द से जल्द तहकीकात कर हमारी बेटी को वापस लाए। पीड़ित बच्ची के पिता से भी मंत्री सिंधिया ने फोन पर बात की और बोले कि बेटी को वापस लाना अब मेरी जि मेदारी है। वह बस आपकी बेटी नहीं, मेरी भी बेटी है।

# मप्र बोर्ड के 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को एक विषय में मिलेगा दो अंक बोनस

भोपाल। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की बारहवीं के सात लाख से अधिक विद्यार्थियों को रसायनशास्त्र में बोनस के दो अंक दिए जाएंगे। इसके अलावा बारहवीं के गणित में चार प्रश्नों के आदर्श उत्तर में त्रुटि होने पर भी विद्यार्थियों द्वारा अन्य विधि से सही हल किए जाने पर भी अंक प्रदान करने के किए जाएंगे। वहीं 12 के जीवविज्ञान, संस्कृत, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, फसल उत्पाद एवं बागवानी, कृषि के लिए उपयोगी विज्ञान व उच्च गणित और 10वीं के गणित व अंग्रेजी विषय में आदर्श उत्तर में त्रुटि सुधार कर मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में माशिमं ने आदेश जारी कर दिए हैं।

मंडल के मूल्यांकन का दूसरा चरण शुरू हो गया है। अब तक 50 प्रतिशत मूल्यांकन कार्य पूरा हुआ है। हालांकि मंडल ने 15 अप्रैल तक का लक्ष्य तय किया है, लेकिन वर्तमान में नौवीं व 11वीं और 5वीं व 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने के कारण मूल्यांकन कार्य धीमी गति से चल रहा है। वहीं, माशिमं का 10वीं व 12वीं का परिणाम अप्रैल अंत तक घोषित किए जाने की संभावना है। बता दें, कि 10वीं व 12वीं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं।

**इसके लिए दो अंक बोनस के मिलेंगे**

मूल्यांकन के पहले मंडल की कमेटी द्वारा सभी प्रश्न-पत्रों की जांच की गई।इसमें कई प्रश्नों के आदर्श उत्तर में गलती निकली है।वहीं 12वीं के रसायनशास्त्र में दो प्रश्नों में त्रुटि पाई गई है।इसे लेकर मंडल ने विद्यार्थियों को बोनस के अंक दिए है।रसायनशास्त्र में सेट ए के प्रश्न क्रमांक 5 का बिंदु क्रमांक 2 में पूछा गया सवाल तुल्यांकी चालकता की इकाई पाठ्यपुस्तक से बाहर से प्रश्न पूछे जाने के कारण एक बोनस अंक सभी विद्यार्थियों को दिया जाएगा।इसी प्रश्न पर बी, सी व डी के विद्यार्थियों को भी मिलेंगे।वहीं सेट एक के प्रश्न क्रमांक 2 के बिंदु क्रमांक छह में अंग्रेजी माध्यम में अनुवाद की त्रुटि होने के कारण प्रश्न के अर्थ में परिवर्तन हो जाएगा।इससे मूल्यांकन में स्थिति अस्पष्ट हो जाएगी।इस कारण अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों को एक अंक का बोनस मिलेगा।इसी प्रश्न के लिए सेट बी,सी व डी के विद्यार्थियों को भी बोनस अंक मिलेगा।

**10वीं व 12वीं के इन विषयों के आदर्श उत्तर में त्रुटि**

दसवीं के अंग्रेजी में सेट ए के उत्तर क्रमांक 8 में आदर्श उत्तर में त्रुटि सुधार कर मूल्यांकन करें। वहीं गणित में सेट ए का उत्तर क्रमांक 10, सेट बी में उत्तर क्रमांक 15, सेट सी में उत्तर क्रमांक 7 व सेट डी में उत्तर क्रमांक 13 के आदर्श उत्तर में त्रुटि सुधार किया गया है। इसी तरह 12वीं के सात विषयों के आदर्श उत्तर में त्रुटि सुधार कर मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के चलाये जायेंगे प्रचार वाहन

भोपाल। लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिये 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में मु य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाये जायेंगे। मतदाता जागरुकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। मु य निवार्चन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि विगत विधानसभा निर्वाचन- 2023 में प्रदेश के 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 75 फीसदी से कम था, इन विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले की विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाये जायेंगे।

# लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

## 1500 से अधिक मतदाताओं वाले 367 मतदान केंद्रों में बनाए जाएंगे सहायक मतदान केंद्र

**मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आदर्श आचरण संहिता के बारे में दी जानकारी**

भोपाल। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने मंगलवार को निर्वाचन सदन, भोपाल में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि म.प्र. में चार चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। पहले चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-11 सीधी, क्रमांक-12 शहडोल, क्रमांक-13 जबलपुर, क्रमांक-14 मंडला, क्रमांक-15 बालाघाट एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-16 छिंदवाड़ा में निर्वाचन कराया जायेगा। पहले चरण के लिए बुधवार 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा गुरुवार 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके प्रत्याशी शनिवार 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

वर्तमान स्थिति में मध्यप्रदेश में 5 करोड़ 64 लाख 76 हजार 110 मतदाता हैं। इसमें 2 करोड़ 90 लाख 13 हजार 307 पुरुष मतदाता, 2 करोड़ 74 लाख 61 हजार 575 महिला मतदाता एवं 1 हजार 228 अन्य (थर्ड जेन्डर) मतदाता शामिल हैं।

**367 सहायक मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे**

राजन ने बताया कि प्रदेश में कुल मतदान केंद्रों की सं या 64 हजार 523 है। 1500 से अधिक मतदाताओं वाले चिन्हित 367 मतदान केंद्रों में सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची का वितरण पृथक-पृथक चरणों में मतदान तिथि से 10 दिन पहले प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह कार्य मतदान दिवस के 5 दिन पहले ही पूरा कर लिया जायेगा।

**उ मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी**

राजन ने बताया कि निर्वाचन में प्रत्येक उ मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अ यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अ यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मु य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उ मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी, जिससे मतदाता ऐसे उ मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें। साथ ही राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उ मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी। प्रत्याशी के चयन के 48 घंटे में समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं पार्टी की वेबसाइट पर फॉर्म सी-7 में प्रकाशित करना होगा।

**सभी जिलों में कंट्रोल रूम एवं शिकायत सेल क्रियाशील**

राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ ही पूरे प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। अ यर्थियों, राजनीतिक दलों एवं राज्य तथा केन्द्र की सरकार पर आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लागू है। सभी जिलों में कंट्रोल रूम एवं शिकायत सेल क्रियाशील हो गए हैं। सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में संपत्ति विरुपण के विरूद्ध कार्रवाई सतत् जारी है। अब तक शासकीय भवन से 2 लाख 76 हजार 892, सार्वजनिक स पत्ति एक लाख 88 हजार 203 और निजी स पत्ति 57 हजार 992 स्थानों पर स पत्ति विरुपण के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

**निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए सी-विजिल एप**

राजन ने बताया कि नागरिकों को निर्वाचन संबंधी शिकायतें करने के लिए सी-विजिल एप उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी कोई भी लाइव फोटो, वीडियो एवं ऑडियो शिकायत के रूप में उपलब्ध कराते हैं, तो अगले 100 मिनट में शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान रात 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णत÷ प्रतिबंधित रहेगा।

**चुनाव प्रचार में अ यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे**

राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए अ यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित है। इसके लिये अ यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, प प्लेट, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अ यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

**नामांकन दाखिल करने के दौरान अ यर्थी सहित पाँच व्यक्तियों की अनुमति रहेगी**

राजन ने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने के दौरान अ यर्थी को अधिकतम 3 वाहन एवं अ यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। इसी प्रकार मतदान के दिन अ यर्थी, उसके इले शन एजेंट तथा अ यर्थी के इले शन एजेंट/वर्कर/पार्टी वर्कर को स पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये केवल एक-एक वाहन की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि स पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार में उपयोग किए जाने वाले सभी वाहनों की अनुमति लेकर अनुमति पत्र/पास वाहन की विंड स्क्रीन पर मूलतः प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। रैली के लिए किराए/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अ यर्थी द्वारा भाग ली गई रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अ यर्थी के प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

बैठक में अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री, श्री बसंत कुर्रे, श्री तरूण राठी, उप मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शु ला तथा सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बैंक मैनेजर को 'चोर' कहने के मामले में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन को HC से राहत नहीं, चलता रहेगा मुकदमा

भोपाल। जिला सहकारी बैंक के एक मैनेजर को सार्वजनिक रूप से 'चोर' कहने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन को हाईकोर्ट से झटका लगा है. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उनके खिलाफ ग्वालियर की एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में मानहानि के परिवाद को चुनौती दी गई थी. हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब उनके खिलाफ ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि का लंबित मुकदमा जारी रहेगा.

दरअसल, जिला सहकारी बैंक पन्ना के तत्कालीन अध्यक्ष संजय नगायच ने 15 मई 2014 को ग्वालियर की ट्रायल कोर्ट के समक्ष बिसेन समेत पांच अन्य के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि बिसेन ने एक आमसभा में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें 'चोर' कहकर संबोधित किया था. इससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई. मानहानि का मामला अभी एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ग्वालियर में लंबित है.

पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने नगाइच के परिवाद को निरस्त करने की मांग को लेकर साल 2019 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. बिसेन की ओर से दलील दी गई कि उनकी शिकायतकर्ता के साथ पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है. तर्क दिया गया कि शिकायतकर्ता ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आम सभा कब और कहां हुई थी? दुर्भावनावश यह परिवाद दायर किया गया है.

**दर्ज गवाहों के आधार पर हस्तक्षेप से इनकार**

सुनवाई के दौरान तर्क दिया गया कि बिसेन सहकारिता मंत्री थे और उन्होंने संजय नगाइच के खिलाफ सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के मामले में कार्रवाई की थी. इसलिए पुरानी दुश्मनी के कारण मानहानि का परिवाद दायर किया गया है. वहीं, शिकायतकर्ता की ओर से दलील दी गई कि यह तय करना ट्रायल कोर्ट का क्षेत्राधिकार है कि मानहानि का परिवाद प्रचलन योग्य है या नहीं?

सुनवाई के बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने कहा कि परिवाद में स्पष्ट आरोप हैं कि बिसेन ने सार्वजनिक सभा में शिकायतकर्ता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी. उनके आरोप के पक्ष में दो गवाहों ने भी बयान दर्ज कराए हैं. इस मत के साथ कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया.

## फसल नुकसानी की जानकारी टोल फ्री नंबर एवं बीमा प्रतिनिधियों को दी जा सकती है

सिवनी यशोः- उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी ने बताया कि जिले में 16 मार्च 2024 एवं 19 मार्च 2024 को आसमयिक वर्षा के दौरान अतिवर्षा से फसल क्षति की प्रारंभिक सूचना तहसीलों से प्राप्त हुई। जिले की तहसीलों में अतिवर्षा से प्रभावित ग्रामों में विस्तृत सर्वेक्षण का कार्य राजस्व एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा प्रारंभ किया जा चुका है। उपसंचालक कृषि ने जिले के कृषकों से अपील की है कि जिन कृषकों के क्षेत्र में फसल क्षति हुई है वे अपने-अपने क्षेत्र की फसल क्षति की सूचना शासन द्वारा जारी टोल फ्री नंबर- 1800116515 पर फोन के माध्यम से दे सकते हैं।

इसके साथ-साथ जिला स्तर पर राकेश पटले मो.नं.-8120331742 तथा तहसील स्तर पर सिवनी से परवेश राठौर - 8770698972, प्रद्यु न चंद्रवंशी मो.नं.-9340471413 इसी तरह तहसील बरघाट में राजेश बच्छलिया मो.नं.-7223040809, कुरई में विरेन्द्र विश्वकर्मा मो.नं.-9770909281, छपारा में रामगोपाल डहेरिया मो.नं.- 862333568, केवलारी में विश्वास कुमार मो.नं.-8319513691, लखनादौन में गौरव कुमार मो.नं.-8959180056, घंसौर में नुपेश कुमार मो.नं.-8818972353 तथा धनौरा में जानकी प्रसाद मो.नं. 8305138560 बीमा कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड भोपाल के प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ-साथ बीमा कंपनी का एप https://play.google.com/store/apps/details?id=in.farmguide.farmerapp.central में भी जानकारी भरकर` लेम किया जा सकता है।

## ओला प्रभावी ग्रामों का कले टर सिंघल ने किया निरीक्षण

### तीन दिवस के भीतर सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के मैदानी दल को दिए निर्देश





सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने विगत दिवस जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई ओलावृष्टी तथा असमायिक वर्षा के कारण हुई फसल नुकसानी का निरीक्षण किया। कले टर श्री सिंघल ने केवलारी विकासखण्ड के ग्राम बोथिया, डोब, मलारा, खरसारू के साथ-साथ धनौरा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर फसल नुकसानी की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सर्वे के लिए उपस्थित दल को तीन दिवस के भीतर नुकसानी की विस्तृत एवं वास्तविक सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वे दल को हुई फसल नुकसानी का शुद्धता के साथ आंकलन करने के लिए निर्देशित किया है ताकि प्रभावित किसानों को पात्रतानुरूप आर्थिक सहायता त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जा सके।

कले टर श्री सिंघल द्वारा केवलारी विकासखण्ड में निरीक्षण के दौरान अंतर जिला चैक पोस्ट ग्वारी का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने चैक पोस्ट में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को जिले में प्रवेश कर रहे प्रत्येक वाहन की सूक्ष्मता से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित मात्रा से अधिक नगदी अथवा उपहार ले जाने वाले वाहनों से जप्ती के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियाग्राफी सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारी-कर्मचारियों को दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी केवलारी श्री आशीष कुमार, अनुविभागीय अधिकारी घंसौर से श्री बिसन सिंह की उपस्थिति रही।

### 60 पंचायतों के सरपंच सचिवों व जीआरएस ने ली मतदान शपथ

बालाघाट। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. श्री गिरीश मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी व मु य कार्यपालन अधिकारी जिपं श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का आयोजन ज़िले में किया जा रहा है।

## अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरूध्द सतत जारी कार्यवाही

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 10 मार्च 24 से 17 मार्च 24 तक वृत्त उत्तर में 12 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 16620/- रू. अनुमानित मूल्य की 61.0 ब.ली.मदिरा एवं 0 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 10 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 14580/- रू. मूल्य की 53.0 ब.ली. मदिरा एवं 00 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त शहर में 10 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 16980/- रूपये की 68.0 ब.ली. मदिरा एवं 00 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त लखनादौन में 04 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 4235/- रूपये की 11.04 ब.ली. मदिरा एवं 00 किग्रा महुआ लाहन तथा वृत्त घंसौर में 04 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 4800/- रूपये अनुमानित मूल्य की 20.0 ब.ली. मदिरा जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

## पांच बंदियों को मौके पर दि गई विधिक सहायता, जेल मे लगा विधिक साक्षरता शिविर

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व श्री राजेश कुमार गुप्ता प्रधान जिला अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में श्री विकास शर्मा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी की उपस्थिति में 19 मार्च 2024 को जिला जेल सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्री विकास शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकार एवं पैरोल के विषय एवं विधिक सहायता योजना जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पांच बंदियों को मौके पर विधिक सहायता प्रदान की गई।


## भारतीय महिला फेडरेशन सिवनी का जिला स मेलन संपन्न – किरण प्रकाश

सिवनी यशोः- भारतीय महिला फेडरेशन की जिला सचिव किरण प्रकाश ने प्रेस को बताया कि 17 मार्च को दोपहर एक बजे से भारतीय महिला फेडरेशन का जिला स मेलन एवम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी पुस्तकालय सभागार, रैन बसेरा के बाजू में आयोजित की गई थी जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र की महिलाएं शामिल हुई।

इस सभा की अध्यक्षता भारतीय महिला फेडरेशन की जिला अध्यक्ष माया गढ़ेवाल ने की तथा संचालन जिला सचिव किरण प्रकाश ने किया। तथा अतिथियों के रूप में एड भीमा शिंदे, रंजीता पाटिल, अनीता बारमाटे, रजनी राउत, आशा चंदेल, छिंदवाड़ा से मध्यान्ह भोजन कर्मी यूनियन की जिला सचिव रजनी राउत, आरती श्रीवास्तव तथा भारतीय महिला फेडरेशन छिंदवाड़ा की जिला संयोजक ज्योति ठाकुर आदि की उपस्थित रही। वहीं शहर के प्रगतिशील एवम सामाजिक आंदोलनों के नेतागण राजेंद्र जायसवाल, डी डी वासनिक, ओम प्रकाश बुर्डे, डॉ बी सी उके मु य रूप से उपस्थित रहे तथा महिलाओं को वर्तमान स्थिति और महिलाओं की लड़ाई के इतिहास पर वक्ताओं द्वारा विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इसके अलावा महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाने और महिलाओं की हर क्षेत्र में 50 फीसदी भागीदारी पर भी चर्चा की गई।

अंत में भारतीय महिला फेडरेशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वस मति से जिला अध्यक्ष पद पर पुनः माया गढ़वाल को चुना गया साथ ही जिला सचिव के पद पर पुनः किरण प्रकाश को चुना गया तथा उपाध्यक्ष भीमा शिंदे, गायत्री वाजपेई, अनीता बारमाटे, मनोरमा डहाट, तथा सह सचिव शकुन चौधरी और कोषाध्यक्ष विजया श्री बोधि को निर्वाचित किया गया। साथ ही जिला छिंदवाड़ा से आए हुए भारतीय महिला फेडरेशन के पदाधिकारियों का भी स मान किया गया जिसमें जिला संयोजक ज्योति ठाकुर, सह संयोजक पल्लवी शर्मा और छाया वर्मा थी। इस सभी के बाद शकुन चौधरी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया और सभी साथियों ने मिलकर महिलाओं के उत्थान और हित में कार्य करने के संकल्प ले साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। साथ ही स मेलन में उपस्थित सभी साथियों ने जिले की सभी महिलाओं से महिला फेडरेशन से जुड़ने की अपील की है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज



सिवनी यशोः- रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 21 मार्च को किया जा रहा है.

नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति के माध्यम से देवाजी नेत्रालय जबलपुर के अनुभवी चिकित्सको द्वारा रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु 21 मार्च को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे मरीज को प्राथमिक जांच के उपरांत संस्था के विशेष वाहन द्वारा जबलपुर ले जाया जाएगा और मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद अगले दिन पुनः वाहन से सिवनी तक लाकर छोड़ा जाएगा यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है, मोतियबिन्द से पीड़ित हर कोई भी मरीज इस शिविर का लाभ उठा सकता है।

नागरिकों से निवेदन है कि अपने परिजनों, अपने आस-पास के नेत्र रोग से पीड़ित रोगी को गुरुवार 21 मार्च को इस शिविर में सुबह 10 बजे से 04 बजे के मध्य रजवाड़ा लान में जरूर लाये, और इस शिविर की जानकारी अन्य लोगो को दीजिये जिससे ज्यादा से ज्यादा नेत्र रोगियों को लाभ मिल सके।

## किसानों के खेतों से मोटर पंप से कॉपर की केबल चोरी करने वाले चार आरोपी गिर तार

**चोरी के कॉपर खरीदने वाला दुकानदार भी पहुंचा जेल**



छपारा यशोः- किसानों के खेत में लगे मोटर पंप के कॉपर की केबल चोरी करने वाले चोरी के आरोपियों को पकड़ने में छपारा पुलिस को सफलता मिली है. बताया जाता है कि छपारा थाना अंतर्गत खैरी किसान छपारा कला निवासी रोहित ठाकुर ने छपारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उनके खेत में लगे मोटर पंप की कॉपर की केवल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए. इसी तरह खैरी गांव के किसान आदर्श ठाकुर के खेत के मोटर पंप में लगी कॉपर की केबल चोरी होने की सूचना 100 डायल दी. खैरी गांव पहुंची डायल 100 ने संदिग्धों को पड़कर लाई इसके बाद पुलिस थाने में उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई. जिस पर आरोपियों ने खेतों में लगे मोटर पंपों से कॉपर की केबल लीड चोरी कर उसका कॉपर निकालकर छ्पारा के कु हारी रोड स्थित बर्तन की दुकान संचालित करने वाले रितेश अवधिया पिता रामचंद्र अवधिया की दुकान में ले जाकर बेच दिया. आरोपियों के निशान देही पर बर्तन दुकानदार रितेश अवधिया की दुकान से करीब 7 किलो कॉपर तांबे का तार जप्त किया गया है. इस मामले पर चोरी का सामान खरीदने के मामले में आरोपी छपारा पुलिस के द्वारा बनाया गया है. बताया जाता है कि इस चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में छपारा पुलिस ने खैरी गांव निवासी आरोपी मुंशीराम धुर्वे पिता रतिराम धुर्वे उम्र 37 साल. भदुआ उईक के पिता बाली उम्र 40 साल. गोपाल यादव पिता राधेश्याम यादव उम्र 23 साल. रामचंद्र मर्सकोले उम्र 26 साल को गिर तार किया है. दुकानदार सहित पांच आरोपियों को लखनादौन न्यायालय में पेश किया गया था. जहां से आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है. कार्रवाई में खास बात यह रही की पुलिस ने चोरी के सामान व्यक्ति को भी मुलजिम बनाया है इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सौरभ पटेल सहित स्टाफ की सराहनीय भूमि कर रही है जिस तरीके से इलाके में किसानों के खेतों में केवल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थी जिस पर पुलिस को आरोपियों को पड़कर जेल भेजने में बड़ी सफलता मिली है.

## छपारा सहित आसपास के क्षेत्र में ओला वृष्टि से मची तबाही

**आसमान से बरसी आफत ने किसानों का सीना किया छलनी**

**सब्जी सहित गेंहू की फसल में जबरदस्त नुकसान**





छपारा यशोः- संपूर्ण जिले में विगत कुछ दिनों से हवा-तूफान के साथ बारिश और ओला वृष्टि ने जमकर तबाही मचा रखा है। वही अभी तक छपारा नगर सहित आसपास का क्षेत्र इस तबाही बचा हुआ था किंतु मंगलवार दोपहर को हुई जबरदस्त बारिश के साथ ओला वृष्टि ने किसानों के उ मीद पर पानी फेर दिया।

ज्ञात हो कि विगत तीन चार दिनों से सुबह के वक्त मौसम साफ रहता था किंतु दोपहर होते-होते मौसम करवट बदल लेता और तेज हवा-तूफान के साथ बारिश और ओला वृष्टि का दौर प्रारंभ हो जाता जिससे छपारा नगर सहित आसपास के क्षेत्र अभी तक सिर्फ हल्की फुल्की बारिश का प्रभाव रहा किंतु मंगलवार को दोपहर एक बजे के आसपास छपारा मु यालय सहित आसपास के ग्रामों में अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज हवा तूफान के साथ पानी बरसाना प्रारंभ हो गया वही छपारा मु यालय सहित आसपास के दर्जन भर से अधिक ग्रामों में चने, बेर और आंवले के आकार ओले भी गिरे।लगभग एक घंटे हुई रुक रुक के तेज बारिश के साथ ओला वृष्टि से क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल में लगी गेंहू की फसल बर्बाद हो गई साथ ही सब्जी व फलों की फसलों को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा।

बताया जाता है कि बारिश के साथ हुई ओला वृष्टि ने किसानों को संकट में ला दिया है। बेमौसम बारिश से खेतों लगी गेंहू की गिर गई दोपहर के समय उत्तरी पूर्वी हवाओं के साथ तेज ओलावृष्टि और बारिश होने से जनजीवन के साथ खेतों में कटाई के लिए तैयार गेहूं की खड़ी फसल तबाह हो गई। जानकारी के अनुसार छपारा नगर सहित चमारी खुर्द, चमारी कला, लाटगांव,भरगा, खमरिया,मडवा सालीवाडा, जोगीवाड़ा, सालहेगढ़, चंदेनी, तिनसा, पिंडरई, खुर्सीपार, जामुनपानी बंजर, माल्हनवाडा, सरंडिया से लेकर भीमगढ़ क्षेत्र में भी 40% से लेकर 60% तक ओलावृष्टि से फसल तबाह होने का अनुमान है 19 मार्च के दोपहर 1:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक धुआंधार बारिश और ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल सांग सब सब्जी दलहनी फसल को बर्बाद कर दिया ओलावृष्टि बारिश बंद होते ही राजस्व विभाग के कर्मचारी द्वारा खेतों में जाकर सर्वे करने का आदेश दिया गया है। वही छपारा क्षेत्र के किसान रामफल, रामेश्वर, शिवकुमार, दसरू, अज्जू, अर्जुन, विनोद, संतोष ने जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं की फसल तैयार करने में लगभग तीन से चार माह का समय और मेहनत लगती है साथ ही देखने में आया कि गेहूं कटाई के समय विगत कुछ वर्षों से बारिश पानी और ओलो का कहर रहता है जिससे छपारा क्षेत्र अभी तक अछूता रहा है विगत 10-15 वर्षों से छपारा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र ओलावृष्टि से बचे हुए थे किंतु इस बार लगता है ऊपर वाला किसानों से रूठ गया और मंगलवार को हुई ओलावृष्टि से साग,सब्जी सहित गेहूं की फसल में जबरदस्त नुकसान देखने में आ रहा है अब शासन प्रशासन से मुआवजे की आस में बैठे हैं किसान की कम से कम लागत ही मुआवजे के रूप में मिल जाए।

## पेयजल समस्या के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा जारी आदेशानुसार आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल समस्याओं के निदान के लिए अनुभागवार अधिकारियों के नंबर सार्वजनिक किए गये हैं। जिसमें उपखण्ड सिवनी अंतर्गत आने वाले विकासखण्ड सिवनी एवं कुरई के लिए सहायक यंत्री श्री अवस्थी का मोबाईल नंबर 9479506235, सिवनी उपयंत्री नीतू नागेश्वर 7987323864 तथा कुरई के लिए श्री दिनेश आर्मो 9039778316, एश्वर्या पुशाम 7249894598 , उपखण्ड छपारा एवं धनौरा के लिए सहायक यंत्री श्री आर जी गमने का मोबाईल नंबर 7648825267, छपारा उपयंत्री दीपक धुर्वे 7089662104 तथा धनौरा ज्ञानीश्वरी उइके 8989624811, उपखण्ड केवलारी एवं बरघाट के लिए सहायक यंत्री श्री बीएल हरिनखेडे का मोबाईल नंबर 9425843252, केवलारी उपयंत्री श्री अकलेश उइके 7566864758 तथा बरघाट इमलेश्वरी 7974218363, लखनादौन एवं घंसौर के लिए सहायक यंत्री श्री ए आर गजभिये का मोबाईल नंबर 9425837358 , उपयंत्री लखनादौन मनीषा उइके 7566090915, घंसौर उपयंत्री श्री संदीप राठौर 9131798887 मेंसंपर्क करने के साथ-साथ जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 07692 - 220560 में पेयजल संबंधी समस्याओं के लिए संपर्क किया जा सकता है।

## प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा एवं छिंदवाड़ा में कार्यकर्ता स मेलन को किया संबोधित

**वरिष्ठ कांग्रेस नेता सहवाल खान सहित हजारों की सं या में कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल**

**पहले कमलनाथ खुद सांसद बनते हें, फिर उनकी पत्नी और बेटा सांसद बने**

**कमलनाथ परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे, छिंदवाड़ा प्लेन से आते हैं और हेलीकॉप्टर से घूमते हैं**

**40 साल से कमलनाथ छिंदवाड़ा का प्रतिनिधित्व कर रहे, फिर भी यहां विकास की बहुत जरूरत**

**– श्री कैलाश विजयवर्गीय**



छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी विकास की लहर से कोई अछूता नहीं रहेगा। पूर्व मु यमंत्री श्री कमलनाथ पिछले 40 वर्षो से छिंदवाड़ा का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन यहां आज भी विकास की बहुत जरूरत है। कमलनाथ राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। पहले खुद सांसद बनते हैं, इसके बाद अपनी पत्नी को सांसद बनाते हैं और अब बेटे को सांसद बनवाया। भारतीय राजनीति में कांग्रेस के इस तरह के परिवारवाद के उदाहरण कई हैं। नाथ परिवार की वजह से कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं को न तो लोकसभा का टिकट मिल पा रहा और न ही पार्टी में वह स मान मिल रहा जिसके वे हकदार है। कमलनाथ छिंदवाड़ा विमान से आते हैं और हेलीकॉप्टर से यहां घूमते हैं, लेकिन गरीबों और सामान्य कार्यकर्ताओं पर ध्यान नहीं देते। यह बात प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा एवं छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यकर्ता स मेलन को संबोधित करते हुए कही।

प्रदेश शासन के मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि कमलनाथ पिछले 40 वर्षो से छिंदवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन यहां तो आज भी विकास की बहुत जरूरत है। कमलनाथ हमेशा छिंदवाड़ा मॉडल की बात कहते हैं, लेकिन किया कुछ नहीं। अगर सही अर्थो में लोगों को विकास देखना है कि विकास` या होता है तो इंदौर जाइए। मैं इंदौर से सात बार विधायक और एक बार महापौर रहा। आइए इंदौर, मैं दिखाता हूं, विकास किसे कहते हैं।

**कमलनाथ बोरी खोलते हैं और चुनाव जीतते हैं**

श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कमलनाथ 24 घंटे में चुनाव लड़ते हैं। उनका विकास से एवं जनता के कल्याण और गरीबों के उत्थान से कोई सरोकार नहीं है। वे चुनाव लड़ते हैं, बोरी खोलते हैं और चुनाव जीत जाते हैं। कमलनाथ के दोस्त और देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी ने झबुआ के भाषण में कहा था कि मैं केंद्र से 1 रुपये भेजते हूं और किसान के पास 15 पैसे पहुचते हैं। कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार की स्वीकारोक्ति का इससे अच्छा उदाहरण और` या हो सकता है। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस पर कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अब सिंगल ि लक से राशि भेजते हैं तो हितग्राहियों व किसानों के खाते में सीधे राशि पहुंचती है। मोदी जी अगर 100 रूपए केंद्र से भेजते हैं तो हितग्राहियों, लाभार्थियों और किसानों के खातों में सीधे एक रूपए ही पहुंचते हैं। एक भी पैसे का भ्रष्टाचार या गबन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नहीं हुआ। भाजपा विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

**हजारों की सं या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल**

प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के समक्ष अमरवाड़ा में कार्यकर्ता स मेलन के दौरान हर्राई के वरिष्ठ व प्रभावशाली कांग्रेस नेता श्री सहवाल खान ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। श्री विजयवर्गीय ने पार्टी में शामिल होने वालों को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, लोकसभा प्रत्याशी श्री विवेक बंटी साहू, कार्यकारी जिला अध्यक्ष श्री शेषराव यादव, लोकसभा प्रभारी श्री नरेश दिवाकर, सुश्री मोनिका बट्टी, सुश्री कामनी शाह, श्री विजय झांजरी एवं श्री उत्तम ठाकुर सहित जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

## विपक्षी दलों के खाते शीज करना बहुत बड़ा पक्षपात-भाकपा

सिवनी यशोः- किसी भी देश के चुनाव पक्षपात पूर्ण नहीं होना चाहिए किसी भी तरह का अपारदर्शी चुनाव स्वस्थ प्रजातंत्र के लिए घातक होता है परंतु हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी को इसकी बिल्कुल चिंता नहीं है` योंकि इस समय सबसे ज्यादा चंदा सत्ताधारी दल और उसके सहयोगियों को हुआ है और विपक्ष को कम ही चुनावी चंदा प्राप्त हुआ है जिससे 2024 के संसदीय आम चुनाव के समय सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को फायदा होना है इसी के साथ विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के खाते सील कर दिए गए हैं जिससे वह चुनाव में मिले चंदे और उसके कोष में जमा पुराना पैसा वे निकाल ना सके तथा दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के खाते में पूंजी पतियों और बड़ी-बड़ी कंपनियों से करोड़ों रुपए प्राप्त हुआ है जिसका उपयोग वे बड़े धड़ल्ले से कर रहे हैं वे अपने पार्टी का प्रचार प्रसार बड़े जोरों से कर रहे हैं जिससे कि विपक्षी पार्टियों पीछे रहे और सत्ता पार्टी भारतीय जनता पार्टी सबसे आगे रहे और चुनाव में जीत हासिल कर सके।

अतः भारतीय क युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक के साथ राजेंद्र जायसवाल डॉ टर बी सी ओके ओम प्रकाश बोर्ड तीरथ प्रसाद गजभिए अशोक साहू धनीराम बंडेवार किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश संजू डेहरिया आरके सनोदिया आदि ने देश की जनता से अपील किया है कि वह ऐसे पक्षपाती सत्ता दल को सबक सिखावे और देश की धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील शक्तियों को विजय दिलावे ताकि देश में स्वस्थ सरकार बने और हिंदू मुस्लिम जैसे सांप्रदायिक शक्तियां कमजोर हो और देश के लोग शांतिपूर्वक रह सके।

## गुप्ता, नटराज एवं रामगोपाल शर्मा मिष्ठान भंडार के नमूने फेल होने पर कारण बताओ नोटिस जारी



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जांच दल द्वारा स पूर्ण जिले में सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जा रही है। इसी क्रम में विगत 18 एवं 19 मार्च को चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से सिवनी शहर स्थित वॉकिन स्टोर पॉइंट, श्री वैशाली राजपुरोहित, स्मार्ट स्टोर, गुप्ता स्वीट्स, नटराज स्वीट्स, राम गोपाल शर्मा स्वीट्स सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के कुल 57 नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए। जांच में गुप्ता स्वीट से 5 नमूने, नटराज स्वीट से 2 नमूने एवं राम गोपाल शर्मा मिष्ठान भंडार के 3 नमूने जांच में फेल होने तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ निर्माण करने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम- 2006 अंतर्गत उक्त तीनों को नोटिस जारी किया गया है।

## मु यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में मण्डला लोकसभा भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते 22 मार्च को भरेंगे नामांकन

**मु यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जनसभा को करेंगे संबोधित।**

**मंडला लोकसभा के कार्यकर्ता नामांकन रैली में होंगे शामिल**

मंडला यशोः- प्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री वी. डी. शर्मा का मंडला में 22 मार्च को 12:30 बजे महाराजपुर संगम स्थित हेलीपेड में आगमन होगा यहां दोपहर 1:00 बजे निषाद राज भवन स्टेडियम के पास स्थित मैदान में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे, तत्पश्चात आयोजित नामांकन रैली में शामिल होंगे। मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते मु यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश अध्यक्ष श्री बी.डी. शर्मा, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सहित स पूर्ण लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समर्थक, भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो की उपस्थिति में कले टर कार्यालय पहुंचकर दोपहर 3 बजे अपना चुनाव नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि जनसभा उपरांत नामांकन रैली सभा स्थल से आरंभ होकर रेडक्रॉस के सामने से सिटी कोतवाली बैगा बैगी चौक होते हुए कले टेड कार्यालय पहुंचेगी।

**नामांकन के पूर्व माता राजेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे कुलस्ते**

मंडल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते नामांकन भरने के पूर्व प्रातः किला वार्ड स्थित प्राचीन राज राजेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे तत्पश्चात जनसभा व नामांकन रैली में शामिल होंगे।

## ग्रामसभाओं, जिला योजना समिति की बैठक प्रतिबंधित

मंडला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन 2024 की संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण होने तक जिला योजना समिति एवं ग्रामसभा की बैठकें प्रतिबंधित कर दी हैं।

## विश्राम गृह अधिग्रहित

मंडला यशोः-कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने जिले के विश्राम गृहों को तत्काल प्रभाव से अधिग्रहित करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस मंडला, विश्राम गृह मंडला, खारी, ब हनी, मनोट, चाबी, अंजनिया, बिछिया, मोतीनाला, नैनपुर, मोचा, टिकरिया, निवास एवं बबलिया को अधिग्रहित किया गया है। वन विभाग के विश्राम गृह मंडला, खारी, मोतीनाला, मवई, मंगली, मुक्की, किसली, तुरूर, कालपी, मुईयापानी एवं निवास को अधिग्रहित किया गया है। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग के विश्राम गृह मंडला, मटियारी, नैनपुर, बीजेगांव, मुर्गाटोला एवं निवास को अधिग्रहित किया गया है। उक्त विश्राम गृहों का आरक्षण संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता के तहत किया जाएगा।

## ग्राम कोसमी में समग्र-खसरा लिंकिंग विशेष अभियान आज से प्रारंभ

**प्रथम दिन बुद्धविहार में 24 केवायसी की गई**



बालाघाट। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार जिले की सबसे बडी ग्राम पंचायत कोसमी में समग्र-खसरा को लिंक करवाने के लिए आज से विशेष अभियान का आगाज बुद्धनगर वार्ड नं 4 के बुद्धविहार से हुआ, इस विशेष अभियान के आयोजित होने वाले शिविरों में 20 एवं 21 मार्च को बुद्धनगर में, 22 दिन शुक्रवार को संत कबीर कुटी में, 23 दिन शनिवार को टीचर्स कॉलोनी कोसमी में आयोजित किये जावेगें। पंचायत क्षेत्र में कार्यरत अधिकृत एमपीऑनलाईन एवं सीएससी सेंटर अंशु कैफे, नेमा क प्यूटर, मोनू क प्यूटर, डी.के. क प्यूटर, विश्वभारती क प्यूटर, एन.के. क प्यूटर एवं रौनक क प्यूटर सहित ग्राम पंचायत में जाकर भी नागरिक लिंकिंग कार्य करवा सकते है। पंचायत के सचिव श्रीमति रेश्मी बलोने द्वारा समस्त मकान, प्लाट, कृषिभूमि आदि खसरे को सभी भागीदारों को अपनी समग्र आईडी से लिंक करवाने के अपील की गई है शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अनवरत लाभ लेने के लिए समग्र-खसरा केवायसी करवाना अनिवार्य है। कोसमी में लगभग 7300 खसरा पंजीकृत है। सभी भूस्वामियों को समग्र आईडी, खसरा, आधारकार्ड एवं मोबाईल लाना अनिवार्य है। यदि हितग्राही को पेनकार्ड या वोटरकार्ड बना है तो उसे भी साथ की का आग्रह शिविर प्रभारी द्वारा किया गया है। शासन के निर्देशानुसार सभी स्?थान पर प्रथम केवायसी निन्शुल्?क जावेगी।

## बैंक कर्मचारियों ने मतदाता शपथ ली




बालाघाट। लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट बैंक मु यालय में कले टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा जी के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी.पटले सहित सभी बैंक अधिकारी पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राकेश असाटी विपणन अधिकारी, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी, श्रीमती अन्नमा हरपाल, सारंग बिसेन, सतीश कोरी, श्रीमती सीमा दुबे, संजय घुले, रौनक चौकसे सहित समस्त कर्मचारियों ने मतदाता शपथ ली गई।

आम लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले की अन्य सहकारी सोसायटीयो में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शाखाओं और जिले की सभी सोसायटी में आने वाले किसानों ग्रामीणों को मतदान की शपथ ली गई वही स्?वीप गतिविधि के अंतर्गत अन्य शाखाओं में प्रतियोगिता आयोजित कर मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र मतदान करने के प्रेरित किया जायेगा।

## मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाई

भोपाल -मु य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बुधवार को निर्वाचन सदन, भोपाल से मतदाता जागरुकता के लिये तैयार किये गये 75 विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री राजन ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 में प्रदेश के 26 जिलों की 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 75 फीसदी से कम रहा था। इन 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये ये विशेष जागरुकता वाहन तैयार किये गये हैं। इन वाहनों में बैनर्स, पोस्टर्स, स्लोगन्स, प्लाज्मा टीवी के जरिये मतदाता जागरुकता गीत, रील, वीडियो आदि दिखाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार का उपयोग अवश्य करने के लिये अभिप्रेरित किया जायेगा। ये प्रचार वाहन अगले एक महीने तक (लोकसभा निर्वाचन-2024) के दौरान संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में रहकर अधिकतम आबादी तक पहुंचकर वोटिंग के लिये प्रेरित करने का कार्य करेंगे। अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिककारी बसंत कुर्रे, मनोज खत्री, तरूण राठी और विवेक श्रोत्रिय, कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यय लेखा टीम का प्रशिक्षण संपन्न




मंडला यशोः- मंडला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत व्यय लेखा टीम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र की लेखा टीम परस्पर समन्वय से कार्य करें। एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों पर भी नजर रखते हुए नियमानुसार संबंधितों के व्यय खाते में राशि जोड़ने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पेड न्यूज पाए जाने पर उसका भी व्यय संबंधित अ यर्थी के खाते में जोड़ें। कले टर ने रेट निर्धारण, सूचनाओं के आदान प्रदान सहित अन्य बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मंडला संसदीय क्षेत्र के सभी आठों विधानसभा क्षेत्र की व्यय लेखा टीम स मिलित हुई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, डिप्टी कले टर एलएस जगेत, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## महिला समूहों ने आयोजित किए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

मंडला यशोः- लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ने के लिए मंगलवार को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों के परिसंघों द्वारा विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संकेत आजीविका संकुल स्तरीय संघ पिंडरई द्वारा महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उनको लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझाया गया। इसी प्रकार स्वरागिनी संकुल स्तरीय संगठन बीजाडांडी में आयोजित महिलाओं की बैठक में लोकसभा निर्वाचन के दौरान सभी ने नैतिक मतदान की शपथ ली। मंदाकिनी संकुल स्तरीय संगठन बिछिया में पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित महिलाओं को पीले चावल देकर आगामी 19 अप्रैल को सभी को मतदान के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।

## अ यर्थियों के सोशल मीडिया एकाउंट पर नजर रखें - डॉ. सिडाना

**कले टर ने किया एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण**



मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत जिला पंचायत में बनाए गए एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इले ट्रॉनिक, सोशल एवं प्रिंट मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

कले टर ने कहा कि एमसीएमसी कक्ष में नियुक्त किए गए कर्मचारियों के मध्य कार्य का विभाजन करें। कक्ष में संबंधित अधिकारियों के अतिरिक्त महत्वपूर्ण टेलीफोन नंबर की डायरे टरी रखें। प्री-सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन प्रपत्र तथा आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित जानकारी अंकित करें। अ यर्थियों के सोशल मीडिया एकाउंट पर नजर रखें। कले टर ने पेड न्यूज की मॉनिटरिंग एवं फेक न्यूज के खण्डन आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कले टर अरविंद कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## कले टर ने किया जिला कंपलेंट सेल एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण



मंडला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत स्थापित जिला कंपलेंट सेल एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्?होंने सी-विजिल, एनजीआरएस पोर्टल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों तथा उन पर की गई कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चैकपोस्टों में की जा रही कार्यवाही का भी सीसीटीव्ही के माध्यम से अवलोकन किया। इस दौरान अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह एवं संयुक्त कले टर अरविंद सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## भाजपा का बूथ विजय संकल्प अभियान प्रारंभ बालाघाट नगर मण्डल के शक्ति केन्द्रों में हुई बैठकें



बालाघाट। सदैव ही संगठनात्मक गतिविधियों में बनी रहने वाली भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ विजय संकल्प अभियान प्रारंभ किया है जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं भाजपा पदाधिकारियों के संबोधन से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया जा रहा है। बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी को जीत दिलाने के लिये भाजपा जिला संगठन ने मेरा बूथ-सबसे मजबूत संकल्प के साथ बूथ स्तर के मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया है। जिसमें बूथ स्तर पर मैराथन बैठकों का क्रम निरंतर जारी है।

बालाघाट नगर मण्डल के बूथ स्तर शक्ति केन्द्रों में बूथ विजय संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अबकी बार 400 पार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने तथा भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के जीत के लिये तैयारियों को तीव्र गति दे के लिये भाजपा कार्यकर्ता एकजुट हो रहे है। 18 मार्च को प्रेम नगर शक्ति केन्द्र क्र.10 की बैठक नपाध्यक्ष कार्यालय में हुई तथा सांई मंदिर केन्द्र क्र.5 में सुधीर चिले के निवास, माता मंदिर बूढ़ी केन्द्र क्र.1 में छोटू दौने के निवास, शिवाजी शक्ति केन्द्र क्र.2 ललीत चोके के निवास में बैठकें आहुत की गई। उसी प्रकार 19 मार्च मंगलवार को देवटोला में रजनी मोहारे के निवास, शक्ति केन्द्र क्र.6 शिव मंदिर बूढ़ी में अनिल धुवारे के यहां, डॉ. अब्दुल कलाम शक्ति केन्द्र 3 की बैठक सुरजीतसिंह ठाकुर के यहां, गंगानगर केन्द्र क्र.7 में सुरेंद्र चक्रवर्ती के निवास, सिविल लाईन शक्ति केन्द्र क्र 08 की जिला भाजपा कार्यालय में सरेखा शक्ति केन्द्र 14 कमलेश पांचे के यहां, मोतीनगर-गायखुरी केन्द्र क्र.13 में नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन के निवास में आहुत की गई। बूथ विजय संकल्प के प्रदेशव्यापी अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का दौर 24 मार्च तक जारी रहेगा। इसके साथ ही आज 20 मार्च को नगर के सभी 79 मतदान केन्द्रों में बूथ समिति की बैठक होगी ।

**एकजुटता से सफल होगा अभियान-सेवईवार**

बूथ विजय संकल्प बैठकों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर मण्डल प्रभारी राकेश सेवईवार ने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व संगठन को नई दिशा देने में लगा है, हम राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों के अलावा अपने बूथ स्तर के मुद्दों पर भी ध्यान केन्द्रित रखे आज देश और प्रदेश की राजनीतिक का केन्द्र बिंदु एक-एक बूथ हो गया है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लोगों की जिस प्रकार चिंता की है और योजनाओं का क्रियान्वयन किया है उससे हर वर्ग में भाजपा के प्रति सकारात्मक भाव जागृत हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है साथ ही भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी की जीत के लिये एकजुटता के साथ हमें कार्य करना है।

**शक्ति केन्द्रों को मजबूत बनाने तत्परता-धुवारे**

बालाघाट विधानसभा संयोजक अनिल धुवारे ने कहा कि प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत हम 15 से 24 मार्च तक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ स्तर तक पहुंच रहे है, प्रारंभिक क्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह बैठकों में रूचि और संगठन के कार्यो को आगे बढ़ाने की उमंग से हमें विश्वास है कि विश्व का सबसे बड़ा संगठन भाजपा को ऐसे ही नहीं कहा जाता है यहां का प्रत्येक कार्यकर्ता अपना शत-प्रतिशत देने के लिये तत्पर बना रहता है। उन्होंने बताया कि बूथ विजय संकल्प अभियान के माध्यम से हमें शक्ति केन्द्रों को मजबूत बनाना है, पन्ना प्रमुख की जवाबदारी भी इसमें अहम है। बूथ स्तर पर लाभार्थी संपर्क, सरकार के कार्यो पर सुझाव के साथ ही सकारात्मक चर्चा भी सही दिशा में चल रही है।

**भाजपा ने की है हर वर्ग की चिंता-सुरजीत**

भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी के परिवार निरंतर विशाल हो रहा है और युवा संपर्क, लाभार्थी संपर्क तथा महिलाओं के साथ शक्ति केन्द्रों का संपर्क संगठनात्मक कार्यो में कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहे है जो दर्शाता है कि देश में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनें यह आशा भाजपा संगठन के साथ ही आमजनों में भी बनी हुई है। शक्ति केन्द्रों के बैठकों में विभिन्न कार्यक्रमों का सुचारू ढंग से संचालन हो रहा है, हमारी तैयारी है कि बूथ स्तर के विभिन्न स्थलों तक पहुंचकर अपने संकल्प की पूर्ति के लिये भागिदारी निभाएंगे। साथ ही मातृशक्तियों से संवाद, लाभार्थी संवाद, व्यापारिक अथवा गणमान्यजनों के बीच संगठनात्मक कार्यो को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय समस्याओं और मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लिये योजनाएं चलाई है और जरूरतमंदों को लाभान्वित करने का कार्य किया है उससे हमें आशा है कि जनता का आशिर्वाद भाजपा के साथ है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297